ज्ञापांक : 69/Trans.
दिनांक : 17/02/2021

आज दिनांक 17.02.2021 को अपराहन् 03.00 बजे उप नगर आयुक्त, राँची नगर निगम की अध्यक्षता में नगर बस सेवा परिचालन हेतु आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा सूचना सं0 47/Trans. दिनांक 08.02.2021 की Pre-Bid बैठक की कार्यवाही

1. बैठक का स्थान : उप नगर आयुक्त का कार्यालय कक्ष

2. बैठक की तिथि एवं समय : 17.02.2021 समय 3.00 अपराहन।

3. उपस्थिति

i. श्री शंकर यादव,
उप नगर आयुक्त, राँची नगर निगम, राँची।

ii. श्री ज्योति कुमार सिंह,
सहायक नगर आयुक्त, राँची नगर निगम, राँची।

iii. श्री नन्दलाल बड़ाईक,
नगर अभियान प्रबंधक, परिवहन कोषांग, राँची नगर निगम, राँची।

iv. श्री श्रीकान्त सिन्हा,
सहायक अभियंता(यांत्रिकी), परिवहन कोषांग, राँची नगर निगम, राँची।

v. श्री रविन्द्र गोप,
सहा०–सह–डा0ई0ऑ0, परिवहन कोषांग, राँची नगर निगम, राँची।

vi. श्री सौरभ कुमार तिवारी,
बस ऑपरेटर, राँची।

vii. श्री मोनाल श्रीवास्तव,
बस ऑपरेटर, राँची।

viii. अश्फाक आजम
बस ऑपरेटर, राँची।

ix. श्री किशोर मंत्री,
बस ऑपरेटर, राँची।

x. प्रवीण कुमार,
बस ऑपरेटर, राँची।

xi. श्री मनोरंजन कुमार,
बस ऑपरेटर, राँची।

बैठक की कार्यवाही:– राँची नगर निगम, राँची क्षेत्रान्तर्गत नगर बसों का परिचालन एवं रख–रखाव हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति कार्यालय ज्ञापांक 47/Trans. दिनांक 08.02.2021 के द्वारा आमंत्रित की गयी है। इस निविदा को निगम के वेबसाईट पर भी अपलोड किया गया है। निविदा शर्त्तो के सुझाव हेतु संभावी निविदाकारों की Pre Bid Meeting आज उप नगर आयुक्त महोदय के कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुयी। इस बैठक में निविदा शर्त्तों में सुझाव हेतु संभावी निविदाकारों द्वारा पृच्छा किया गया, जो निम्नवत् हैः

1. यात्री किराया के संबंध में पृच्छा की गयी।
2. नगर बसों के रूटों के बारे में पृच्छा की गयी।
3. पर्व–त्योहारों के दिन नगर बसों के प्रीमियम शुल्क की राशि माफ करना।
4. नगर बसों के Pick and Drop के लिए चिन्हित स्थलों को ऑटो रिक्शा, ठेला दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर लिया जाना।

उक्त पृच्छा/सुझावों पर विचार किया गया एवं सम्यक विचारों उपरांत संभावी निविदाकारों को बताया गया कि :–

1. नगर बस सेवा के अन्तर्गत यात्री किराया में वृद्धि से संबंधित प्रस्ताव निगम परिषद की बैठक में लाया गया था एवं निगम परिषद द्वारा कोविड–19 के कारण यात्री किराया में वृद्धि को खारिज कर दिया गया। अतः कोरोना काल के शिथिल होने पर पुनः उक्त प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, वर्त्तमान में यात्री किराया पूर्व की भांति निम्नवत् रहेगाः–

किराया	**दूरी**
रू. 5/–	0 से 5 कि.मी. तक
रू. 10/–	5.1 से 12 कि.मी. तक
रू. 15/–	12..1 से 20 कि.मी. तक
रू. 20/–	20 कि.मी. से उपर

2. नगर बसों के रूटो में बताया गया कि वर्त्तमान में दो रूटों पर नगर बसों का परिचालन यथा 1. किशोरी यादव चौक से धुर्वा गोलचक्कर एवं 2. कचहरी चौक से राजेन्द्र चौक तक किया जा रहा है, निकट भविष्य में रूटों की संख्या में वृद्धि करने हेतु नगर आयुक्त महोदय से अनुशंसा की जाएगी।

3. पर्व–त्योहारों के दिन नगर बसों की प्रीमियम शुल्क माफ करने के प्रस्ताव पर भविष्य में विचार किया जाएगा।

4. नगर बसों के Pick and Drop के लिए चिन्हित स्थलों को ऑटो रिक्शा, ठेला दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण को निविदा निष्पादन के पूर्व अतिक्रमण मुक्त करा लिया जाएगा।

तत्पश्चात् धन्यवाद के साथ बैठक की समाप्त की गयी।

17/2/21

(श्री ज्योति कुमार सिंह)
सहायक नगर आयुक्त,
राँची नगर निगम, राँची

17/2/2021

(श्री शंकर यादव),
उप नगर आयुक्त,
राँची नगर निगम, राँची

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर